भारत सरकार

पोत परिवहन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **1563** जिसका उत्तर

सोमवार, **1** जनवरी, 2018/11 पौष, 1939 (शक) को दिया जाना है

अंतरराष्ट्रीय पोत और पत्तन सुरक्षा (आई एस पी एस) कोड का अनुपालन करने वाले पत्तन

1563. श्री वि. विजयसाई रेड्डी:

क्या **पोत परिवहन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) सरकार ने किन-किन प्रमुख पत्तनों पर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तैनात किये हैं;

(ख) क्या यह सच है कि कुछ प्रमुख पत्तनों में अभी भी विकिरण की पहचान करने संबंधी उपकरण नहीं हैं;

(ग) कितने पत्तन अंतर्राष्ट्रीय पोत और पत्तन सुरक्षा (आई एस पी एस) कोड का अनुपालन करते हैं;

(घ) क्या सरकार सभी छोटे पत्तनों को अंतरराष्ट्रीय पोत और पत्तन सुरक्षा कोड का अनुपालन करने वाले पत्तन बनाने का विचार रखती है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या आसूचना ब्यूरों ने हाल ही में छोटे पत्तनों की सुरक्षा लेखापरीक्षा कराई है; और

(छ) यदि हां, तो उसके प्रतिवेदन की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं?

उत्तर

पोत परिवहन राज्य मंत्री

(श्री मनसुख एल. मंडाविया)

(क) भारत के सभी 12 महापत्तनों में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सी आई एस एफ) तैनात है ।

(ख) सभी महापत्तन रेडिएशन जांच उपस्करों से लैस हैं ।

(ग) सभी महापत्तन तथा 51 गैर महापत्तन आई एस पी एस का अनुपालन करते हैं ।

(घ) तथा (ड.) जी, नहीं । केवल वही पत्तन जो एग्जिम कार्गो की संभलाई कर रहे हैं, आई एस पी एस का अनुपालन कर रहे हैं । एग्जिम कार्गो की संभलाई करने वाले गैर महापत्तनों में आई एस पी एस का कार्यान्वयन नौवहन महानिदेशालय द्वारा संबंधित राज्य सरकार के सहयोग से किया जाता है क्योंकि गैर महापत्तन राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार में आते हैं । आज तक की स्थिति के अनुसार 51 गैर महापत्तन आई एस पी एस का अनुपालन कर रहे हैं ।

(च) और (छ) आसूचना ब्यूरो (आई बी) ने गैर महापत्तनों का एकबारगी सुरक्षा परीक्षण किया है तथा पाया है कि कई गैर महापत्तन क्रियात्मक नहीं हैं । उनमें से कई का उपयोग मत्स्य बंदरगाह अथवा मछली उतराई बिंदु की तरह किया जा रहा है । सुरक्षा परीक्षण की रिपोर्ट में, आसूचना ब्यूरो ने सुरक्षा अवसंरचना के आवर्द्धन के लिए विशिष्ट सिफारिशें की हैं ताकि उन पत्तनों पर होने वाले कार्यकलापों की प्रकृति को देखते हुए शत्रुतापूर्ण तत्वों द्वारा किए जाने वाले किसी आक्रमण को विफल बनाया जा सके । महत्वपूर्ण स्थापनाओं के सुरक्षा वर्गीकरण की समीक्षा के एक हिस्से के रूप में 37 गैर महापत्तनों को नियमित सुरक्षा निरीक्षण तथा सुरक्षा जांच के लिए चुना गया है ।

*****